तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 15.5 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025



11 शंभू बार्डर पर दोनों ओर से ट्रैफिक बहाल...





12 असफर खुद को जनता का मालिक न समझें...




## खबर संक्षेप

### शिविर में 37 में से 28 समस्याओं का समाधान

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने कहा कि प्रशासन की तरफ से रोजाना लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल व सदस्य रामपाल पाली ने क्रिड और अन्य विभागों से सम्बन्धित 37 समस्याओं को सुना और इनमें से 28 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया है और शेष समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

### कुवि ने घोषित किए 10 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर, 2024 में आयोजित एम.एससी. बायो-कैमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फ्रेश, एम.ए. (एआईएच) प्रथम सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.ए. (एआईएच) तीसरा सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.ए. (समाजशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस/नॉन-सीबीसीएस, एमपीए 9वां सेमेस्टर, बी.फार्मेसी 5वां सेमेस्टर, बी.फार्मेसी 7वां सेमेस्टर तथा बीएचएमसीटी 5वां सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर) के परीक्षाओं परिणाम घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मई 2024 में आयोजित बीटीएम चौथा सेमेस्टर व एम.ए. पत्रकारिता और जनसंचार (आईयूएमएस) भाग-1 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### अवैध असलहा के साथ युवक को किया काबू

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव करमगढ़ के निकट व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव करमगढ़ के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। युवक की तलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान बरसी पट्टी नरवाना निवासी संदीप के रूप में हुई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने संदीप के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

### अश्लील हरकत का विरोध करने पर महिला पर हमला

**जींद।** गांव हसनपुर में घर में घुस कर लड़कियों से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर लड़कियों की मां के साथ मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने, अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अलेवा थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि वह गांव हसनपुर के आरोही स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। 18 मार्च देर रात को डाकखाना में ड्यूटीरत गांव का ही अजय उर्फ भज्जी दीवार से कूद कर घर में घुस आया और उसकी बेटियों के साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाए जाने पर वह मौके पर पहुंच गई और विरोध जताया तो आरोपित अजय ने उस पर ईंटें बरसा दी। जिसमें वह घायल हो गई।

### पिता-पुत्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज

# पड़ोसियों से परेशान होकर सब्जी विक्रेता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, दो पर केस

शाम को मदन लाल घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए निकला था।

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा



यमुनानगर में युवक के खुदकुशी करने के मामले में बृहस्पतिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**


सब्जी विक्रेता ने दादुपुर नलवी नहर पटरी के पास फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने वीडियो बनाकर पड़ोस में ही रहने वाले पिता-पुत्र पर उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी हर्ष कुमार ने बताया कि उसके पिता मदन लाल सब्जी बेचने का काम करते थे। काफी समय पहले उसके दादा ने अपनी दुकान नरेंद्र कुमार को 12 हजार रुपये में बेच दी थी। दुकान और उनके मकान की दीवार कॉमन है। कुछ दिन पहले वह दीवार में पानी की निकासी का पाइप लगवा रहे थे। लेकिन, नरेंद्र ने पाइप लगाने से मना कर दिया था। जिसे लेकर विवाद भी हुआ था। वहीं, नरेंद्र का बेटा राहुल भी उसकी मां के साथ अश्लील हरकत करता था। करीब पांच साल पहले इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। जिसमें आरोपी ने माफी मांगी थी। लेकिन, वह अब दोबारा से हरकत करने लगा था। जिस कारण उसके पिता तनाव में रहते थे। शाम को उसका पिता मदन लाल घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए निकला था। जब काफी देर तक घर नहीं आए तो उनकी तलाश की गई और पुलिस को भी इसकी सूचना दी। पुलिस के साथ मिलकर उन्होंने तलाश की तो दादूपुर नलवी के पास उनका शव नहर किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उसने आरोप लगाया कि नरेंद्र व उसके लड़के राहुल से परेशान होकर उसके पिता ने खुदकुशी की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### >> 11वीं के छात्र ने पंखे से लटककर की खुदकुशी

**यमुनानगर।** मानसिक रुप से परेशान चल रहे ग्याहरवीं कक्षा के छात्र ने संदिग्ध हालत में मकान की छत में लगे पंखे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक के चचेरे भाई हरभजन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का लड़का हरसुख (19) ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता था। वीरवार तड़के उसकी चाची ने उन्हें बताया कि हरसुख का शव घर में पंखे से लटका हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने बताया कि उसका चचेरा भाई हरसुख किसी वजह से मानसिक रुप से परेशान चल रहा था। मगर उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया यह परिजनों की समझ में नहीं आ रहा है। मामले की जांच कर रहे रामपुर पुलिस चौकी के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि आज सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा घर पर हरसुख का शव पंखे से लटका हुआ था। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई करके जांच शुरु कर दी है।

- **मानसिक रुप से परेशान चल रहा था**
- **पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा**



**यमुनानगर।** बहलोलपुर के नजदीक पेड़ से टक्कराकर क्षतिग्रस्त हुई कार को देखते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक की जान गई, दो घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**

- पशु सामने आने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

जिले के प्रतापनगर-टिब्बी अराइयांवाला मार्ग पर गांव बहलोलपुर के नजदीक अचानक पशु सामने आने से अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टक्करा गई। कार के पेड़ से टक्कराने पर उसके अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरु कर दी। मामले की जांच कर रहे प्रताप नगर थाना के प्रभारी गुरमेल सिंह ने बताया कि बीती रात 12 बजे के करीब गांव टिब्बी अराइयां के तीन युवक राकीब (22), रमजान और गुरचरण अपनी स्विफ्ट कार में प्रतापनगर से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह गांव बहलोलपुर के पास पहुंचें तो उनकी स्विफ्ट कार के सामने अचानक से सड़क पर कोई पशु आ गया। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान कार में सवार राकिब की मौके पर ही मौत हो गई और रमजान व गुरचरण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत निजी अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने राकिब के शव को कब्जे में लेकर वीरवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस नेबीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई।

# अवैध खनन पर प्रशासन उठा रहा सख्त कदम

- जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों द्वारा जिले में चलाया जा रहा संयुक्त चैकिंग अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर**



**यमुनानगर।** नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहन का चालान करती टीम।

अवैध खनन और नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में चैकिंग अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों ने 2155 वाहनों की चैकिंग के दौरान 2 वाहन सीज किए गए और 31 वाहनों के चालान कर 8 लाख 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत जिले में भी अवैध खनन करने वालों व नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहनों पर अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के तहत जिले में एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1195 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा एक वाहन सीज किया गया तथा 9 वाहनों का चालान कर 4 लाख 32 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 294 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन सीज किया गया तथा 10 वाहनों का चालान कर 4 लाख 21 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

*राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण के फैसले का विरोध*

# महापंचायत के लिए नारेबाजी करते करनाल से किसानों का जत्था रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल**



**करनाल।** सरकार विरोधी नारे लगाते किसान । फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में किसान सीएचडी सिटी से पीपली के ताऊ देवीलाल पार्क में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत के लिए रवाना हुए। महापंचायत के पश्चात किसान मुख्यमंत्री आवास पहुंच ज्ञापन देने के लिए रवाना होंगे। इस दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर रोष जताया। इस अवसर पर भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों पर जबरन थोपी जा रही नीतियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को तुरंत प्रभाव से नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण के फैसले को वापस लेना चाहिए। इसी मांग को लेकर किसान सीएम आवास पर प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

### 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया

# हत्या के जुर्म में तीन दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**

- 30 जुलाई 2019 को मिली थी खेत में लावारिस लाश

जिला कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के दोषियों को उम्र कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 30 जुलाई 2019 को थाना शाहबाद पुलिस को सूचना मिली कि थाना एरिया में खेतों के पास बनी खाल में एक लावारिस नाश पड़ी हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पुलिस कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए सरकारी हस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस टीम को नाश की पहचान संदीप वासी जैनपुर के रूप में हुई। जांच के दौरान हत्या करने मामले के आरोपी कृष्ण गोपाल, अजय कुमार व शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी कृष्ण गोपाल, अजय कुमार व शिवम कुमार को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 120-बी के तहत तहत उम्र कैद व 50/50 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई, जुर्माना ना भरने की सूरत में 4/4 माह की कठोर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, जुमार्ना ना भरने पर 4/4 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# तरावड़ी की चार अवैध कालोनियों में पुलिस बल के साथ चला पीला पंजा

- !प्रशासन ने पुलिस बल के साथ कार्यवाही को अंजाम दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी**

जिला नगर योजनाकर की टीम ने तरावड़ी के लल्याणी रोड और सौंकड़ा रोड पर अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी मोहित सिंह ने बताया कि सौंकड़ा रोड पर ढाई एकड़ और लल्यानी रोड पर 3 एकड़, 5 एकड़, और डेढ एकड़ की तीन अवैध कॉलोनी पनप रही थी जिसको उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। डीटीपी मोहित सिंह ने कहा कि



**तरावड़ी।** जेबीसी द्वारा अवैध कालोनी को ध्वस्त करते हुये अधिकारी।

उपायुक्त के आदेशों में ड्यूटी प्रसाशन के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने तरावड़ी के सौंकड़ा रोड और लल्यानी रोड में पनप रही तीन कॉलोनी में कच्ची सडक़ व अवैध निर्माण, प्लाटों की नीवों को पीले पंजे से हटाया। उन्होंने कहा डीटीपी विभाग के पास पिछले कई दिनों से तरावड़ी में अवैध कालोनियां पनपने की शिकायते मिल रही थी जिसकी आज कार्रवाई अमल में लाई गई। डीटीपी मोहित सिंह ने लोगों से अपील की कि वह सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रोपट्री डीलरों के बहकावे में आकर प्लांट ना खरीदे, ना ही किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य करें। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त करें । यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम लोगो से अपील की अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई को अवैध प्लाट खरीदनें में नष्ट ना करें।

# कुवि परीक्षाओं की डेटशीट की अधिसूचना जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने मई जून 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की डेटशीट की अधिसूचना जारी की है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि बी.ए.(जनरल) और ऑनर्स छठे सेमेस्टर की परीक्षा 1 मई से 28 मई तक, बी.एससी. छठे सेमेस्टर की परीक्षा 6 मई से 28 मई तक, बी.ए. (जनरल) और ऑनर्स (सब्सिडी) चौथा सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) परीक्षा 2 मई से 27 मई तक, बी.एससी. चौथे सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 2 मई से 27 मई तक, बी.कॉम. (जनरल, ऑनर्स और वोकेशनल) छठे सेमेस्टर की परीक्षा 12 मई से 28 मई तक, बी.कॉम (जनरल, ऑनर्स और वोकेशनल) चौथे सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 1 मई से 22 मई तक, बी.ए. ऑनर्स (मुख्य पेपर) छठे सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से 30 मई तक, बी.एससी. ऑनर्स (मुख्य पेपर) छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 मई से 26 मई तक, बी.ए. (ऑनर्स) चौथे सेमेस्टर (मुख्य पेपर) (नान एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 20 मई से 27 मई तक, बी.एससी होम साइंस, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बी.एससी. (ऑनर्स) सूचना प्रौद्योगिकी (बीएसआईटी) 6 वें सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई से 21 मई तक आयोजित की जाएंगी।

**आस्था** | अष्टकोसी यात्रा का कुरुक्षेत्र नाभिकमल मंदिर से 28 मार्च को होगा शुभारंभ

# देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु अब कर सकेंगे कुरुक्षेत्र की पौराणिक अष्टकोसी यात्राः धुमन

- अवैध कॉलोनियों में 6 नींव, 5 निर्माण, तीन चारदीवारी, डब्ल्यूबीएम रोड व एक अवैध निर्माण को किया गया ध्वस्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से यात्रा के बारे चर्चा करते हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु कुरुक्षेत्र के तीर्थों की ऐतिहासिक एवं पौराणिक अष्टकोसी यात्रा कर सकेंगे। इस यात्रा को ब्रज की 84 कोसी परिक्रमा की तर्ज पर चलेगी। अहम पहलु यह है कि केडीबी, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से सरकार के सहयोग से 28 मार्च को कुरुक्षेत्र नाभिकमल मंदिर से सुबह 4:30 बजे अष्टकोसी यात्रा का शुभारंभ होगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच व केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल वीरवार को देर सायं केडीबी के सभागार में धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ यात्रा को निरंतर सफल बनाने को लेकर चर्चा कर रहे थे। इससे पहले सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अष्टद्कोसी यात्रा के प्रबंधों, सुविधाजनक बनाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और सुझाव भी आमंत्रित किए।

### 24 किमी की दूरी तय करेगी यात्रा

केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, एक पूरा मार्ग तैयार किया गया है, जिससे भक्तों को विभिन्न तीर्थों (तीर्थ स्थलों) के इतिहास और महत्व का पता लगाने में मदद मिलेगी। कुरुक्षेत्र शहर में लगभग 24 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 8 कोस यात्रा, 48 कोसी यात्रा की पूर्वपीठिका होगी, जो अंततः कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत और जींद जिलों के तीर्थ स्थलों तक विस्तारित होगी। कोस यात्रा सुबह 4.30 बजे नाभिकमल तीर्थ दर्रा खेड़ा तीर्थ से शुरू होगी और ओजस घाट, स्थाण्वीश्वर महादेव, कुबेर तीर्थ, क्षीर सागर तीर्थ, दधीचि कुंड, खेड़ी मारकंडा, वृद्धा कन्या, रत्नुक यक्ष-बीड़ पिपली, पावन तीर्थ-सुंदरपुर, ओघटिया घाट पलवल, बाण गंगा दयालपुर, आपगा तीर्थ दयालपुर, भीष्म कुंड नरकतारी, से होकर नाभिकमल तीर्थ पर सम्पन्न होगी।

# कनाडा भेजने के नाम पर युवक से हड़पे चार लाख रुपये

**यमुनानगर।** कनाड़ा भेजने के नाम पर गांव सारन निवासी जसविंद्र सिंह ने चार लाख रुपये हड़प लिए। आरोप देवेंद्र पुरी गोस्वामी पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज भी अपने पास रखे हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सारन निवासी जसविंद्र सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात देवेंद्र पुरी गोस्वामी से हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे भी कनाड़ा भेज देगा। जहां पर उसे अच्छा रोजगार मिल जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उससे पासपोर्ट व दस्तावेज तथा चार लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने उसे जल्द ही कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। आरोपी ने उसके दस्तावेज भी वापस नहीं किए। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज भी रखे**
- **धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की**

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा सुनने से प्राणी को मिलती है मुक्ति

**करनाल।** श्री राधा कृष्ण आदर्श गऊशाला अमुपूर माजरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण और गऊ माता की कृपा व स्वामी गोपाल गोस्वामी जी के आशीर्वाद से यह भव्य आयोजन चल रहा है। कथा महोत्सव में चौथे दिन केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साथ में भाजपा नेता सुरेंद्र टाया गोहिदा विशेष रूप से मौजूद रहे।

### रोगों की चिकित्सा के लिए योग एक थेरेपी: गुलाटी

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फवारा पार्क सेक्टर बारह योग कक्षा में प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी ने कहा कि विभिन्न प्रकार के रोगों की चिकित्सा के लिए योग एक थेरेपी के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।शारीरिक रूप से तो योग शरीर को लचीला बनाता है ऊर्जावान बनाता है, परंतु मानसिक रूप से योग कई किस्म के मनो विकारों में भी सहायक भूमिका निभाता है।

### समूह शब्द गायन में पाया प्रथम स्थान

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कालेज करनाल के संगीत के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय समूह शब्द गायन प्रतियोगिता में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर कालेज का परचम लहराया। कॉलेज पहुंचने पर सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य प्रो. शशि मदान ने मिठाई खिला कर सम्मानित किया। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्या प्रो. शशि महान ने बताया कि जीएनजी गर्ल्स कालेज यमुनानगर में आयोजित शब्द- गायन प्रतियोगिता में हमारे विद्यार्थियों ने गुरबाणी पर आधारित शब्द गायन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया और राज्यभर में प्रथम पुरस्कार जीता।

### एडीसी ने पहली किस्त के 45 लाख किए ट्रांसफर


**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वीसी के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला में 5559 पात्र लाभार्थियों के मकान निर्माण की स्वीकृति आ चुकी है। इनमें से आज मौके पर ही 100 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त के 45 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं और शेष पात्र लाभार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के बाद राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी।

# हरियाणा के विकास में बिहार मूल के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान: डा. अर्चना

- देश की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने हेतु भाजपा हरियाणा में मना रही बिहार दिवस, बिहार से कैबिनेट स्तर के मंत्रियों को भेजा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में आयोजित हो रहे बिहार दिवस कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसको भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बिहार दिवस कार्यक्रम प्रदेश संयोजक डा अर्चना गुप्ता ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा अर्चना गुप्ता ने कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं देश की एकता और अखंडता बनी रहे के उद्देश्य से भाजपा हरियाणा में बिहार दिवस का आयोजन कर रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे देश



में 75 स्थानों पर बिहार दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसी कडी में हरियाणा में भी जिन जिलों में बिहार के मूल लोगों की संख्या अधिक मात्रा में हैं जिनमें करनाल, कुरूक्षेत्र, पानीपत, गुरुग्राम, सोनीपत, फरीदाबाद और यमुना नगर में बिहार दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक बृज गुप्ता ने दिया

### लोगों को दिया निमंत्रण

इन कार्यक्रमों में बिहार से कैबिनेट स्तर के मंत्रियों के साथ साथ हरियाणा में रहने वाले बिहार के सभी सीनियर कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त हरियाणा के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बिहार दिवस के उपलक्ष्य में 23 मार्च को दोपहर 12 बजे करनाल के अनमोल गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस पत्रकार वार्ता में करनाल के सभी बिहार मूल के व करनाल वासियों को अधिक से अधिक संख्या में आने का निमंत्रण भी दिया।

लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने का निमंत्रण इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार दिवस कार्यक्रम संयोजक बृज गुप्ता ने भी करनाल के लोगों को कार्यक्रम में अपनी भागीदारी एवं महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अधिक से अधिक संख्या में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार से विधायक अनिल राम एवं आनंद पाठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंहुच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सहसंयोजक के तौर पर उनके साथ पूर्व पार्षद सुधीर यादव के अतिरिक्त संजीव कुशवाहा, दिलीप मैहतो, संजीव मैहतो, रामप्रीत, जैनेन्द्र, जितेन्द्र एवं रविवत्स कार्यक्रम की देखरेख करेंगे। इस अवसर पर डा अर्चना गुप्ता के अतिरिक्त भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, कार्यक्रम के जिला संयोजक बृज गुप्ता, अवधेश किशोर भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक,जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार,आई टी प्रमुख विकास कथूरिया, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, पार्षद राजेश अघी, संजीव मैहता, संकल्प भंडारी, सुधीर यादव,मोनिक गर्ग, सुभाष चंद, अमृत लाल जोशी आदि रहे।

## पिछले 12 सालों से खेलों को बढ़ावा दे रही इब्रो इंडिया : एचआर

# इब्रो इंडिया खेलों के माध्यम से कर्मचारियों को दे रही एकजुटता का संदेश : श्रवण

- इब्रो इंडिया प्रीमियर लीग 11 सीजन की शुरुआत, 20, 21, 22 मार्च को खेला जाएगा प्रीमियर लीग, 27 को सेमीफाइनल ओर 28 को होगा फाइनल मुकाबला




तरावड़ी। एच आर यशपाल सिंह केहरवाला खिलाडियों को संबोधित करते हुए।



तरावड़ी। इब्रो इंडिया कंपनी के यूनिट हेड श्रवण शर्मा रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

इब्रो इंडिया कंपनी द्वारा आज इब्रो इंडिया प्रीमियर लीग 11 सीजन की शुरुआत की गई। इस प्रीमियर लीग की शुरुआत इब्रो इंडिया कंपनी के यूनिट हेड श्रवण शर्मा द्वारा रिबन काटकर की गई। इस मौके पर इब्रो इंडिया कंपनी के एच.आर यशपाल सिंह केहरवाला सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। खिलाडियों को संबोधित करते हुए यूनिट हेड श्रवण शर्मा ने कहा कि इब्रो इंडिया हर साल अपने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए खेलों का आयोजन करता है ताकि खेलों के माध्यम से कर्मचारियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर कर्मचारी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित भी किया गया। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों के द्वारा जहां शरीर फिट रहता है वही खेलों से हमें एकजुटता का भी संदेश मिलता है। खेल हो या फिर काम यदि हम एकजुट होकर काम करेंगे तो वह काम आसानी से हो सकेगा और हर हाल में हम अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त कर लेंगे। इस अवसर पर कंपनी के एच आर यशपाल सिंह केहरवाला ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि इब्रो इंडिया कंपनी पिछले 12 सालों से खेलों को बढ़ावा दे रही है और कर्मचारी भी इब्रो इंडिया कंपनी से जुडक़र अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि आज से इब्रो इंडिया प्रीमियर लीग 11 सीजन की शुरुआत हुई है, जो 20, 21 व 22 मार्च तक खेला जाएगा ओर 27 मार्च को सेमीफाइनल ओर 28 मार्च को फाइनल मुकाबला होगा। जो भी टीम फाइनल जीत कर आएगी उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। यशपाल सिंह केहरवाला ने बताया कि अबकी बार प्रीमियर लीग में भाग लेने वाली टीमों के जो कप्तान है वह चेंज कर दिए गए हैं ताकि और खिलाडिय़ों को भी कप्तानी करने का अवसर मिले।



# प्रशासनिक न्यायाधीश ने अदालत का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रशासनिक न्यायाधीश करनाल डिवीजन जस्टिस सुधीर सिंह ने गुरुवार को करनाल अदालत का निरीक्षण किया। इसके बाद बार रूम में बार एसोसिएशन करनाल की ओर से आयोजित सभा में जस्टिस सुधीर सिंह का अभिनंदन किया गया। प्रधान सुरजीत सिंह मढाण ने कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों के साथ जस्टिस सुधीर सिंह को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर प्रधान सुरजीत सिंह और अन्य वरिष्ठ वकीलों ने जस्टिस सुधीर सिंह के समक्ष बार एसोसिएशन करनाल की समस्याओं और चुनौतियों का जिक्र किया। अदालत परिसर में सफाई का मामला भी उठाया गया। इस अवसर पर जस्टिस सुधीर सिंह ने कहा कि युवा वकीलों को प्रशिक्षण देने के लिए एक अकादमी स्थापित की जानी चाहिए। करनाल बार एसोसिएशन इसके लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के समक्ष अपनी मांग रख सकती है। उन्होंने कहा कि सीनियर वकीलों को युवा और जूनियर वकीलों को अच्छी वकालत करने के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर, बार एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत सिंह मढाण, उपप्रधान नीतिन भारद्वाज, सचिव नवीन राणा, सह सचिव संगीता रानी, डीएस मान, चांदवीर मढाण, दीपक सचदेवा, बालकिशन शर्मा, जीपी सिंह, विकास राणा, गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे।

# लिंगानुपात में नीलोखेड़ी का गांव संधीर अव्वल, 3 छात्राएं सम्मानित

- 10वीं की टॉपर छात्राओं को मिलता है नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बताया कि लिंगानुपात में सुधार के लिए पीएनडीटी एक्ट के तहत सरकार द्वारा बेस्ट विलेज अवार्ड योजना चलाई गई है। योजना के तहत लिंगानुपात में अव्वल रहने वाले गांव की उन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो 10वीं में टॉपर रहीं। इसी कड़ी में नीलोखेड़ी के गांव संधीर को लिंगानुपात सुधार के लिए जिला का सर्वश्रेष्ठ गांव चुना गया है। इसी के दृष्टिगत योजना के तहत गांव संधीर की 10वीं में टॉपर 3 छात्राओं को आज यहां जिला



सचिवालय सभागार में सम्मानित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने गांव की छात्रा सोनम पुत्री विनोद को कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान हासिल करने पर 75 हजार, सिमरन पुत्री सोहन लाल को दूसरा स्थान पाने पर 45 हजार और पायल पुत्री कुलदीप चंद्र को तृतीय स्थान हासिल करने पर 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में नियुक्त किए गए स्टाफ को भी अतिरिक्त उपायुक्त ने लिंगानुपात में सुधार के लिए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए फील्ड में उतरे वाइस चेयरमैन

- अधूरे कार्य पर ठेकेदारों को लगाई फटकार
- हांसी रोड, रेलवे रोड, कर्ण ताल पार्क, पुरानी सब्जी मंडी और कर्ण कैनाल पर शौचालयों और पार्क का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छता सर्वेक्षण में अपने गृह क्षेत्र करनाल को अव्वल स्थान पर लाने के लिए गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र खुद फील्ड में उतरे और विभिन्न स्थानों पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर निगम अधिकारियों के साथ सुभाष चंद्र ने हांसी रोड, रेलवे रोड, कर्ण ताल पार्क, पुरानी सब्जी मंडी और कर्ण कैनाल में शौचालयों का जायजा लिया।

जहां-जहां कमी पाई गई वहां उन्होंने अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए सफाई व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करने को कहा। मिशन के वाइस चेयरमैन ने रेलवे रोड स्थित नेकी की दीवार पर भी जाकर व्यवस्था को जांचा। यहां गरीब लोगों के लिए वस्त्र व अन्य जरूरत का सामान देने की नगर निगम द्वारा उत्तम व्यवस्था की गई है। यहां उन्होंने दान देने वाले और सामान ले जाने वाले लोगों के रजिस्टर को चेक किया और इस व्यवस्था को समाज के लिए वरदान बताया।सुभाष चंद्र कर्णताल पार्क भी पहुंचे जहां जनप्रतिनिधियों ने उन्हें पार्क में आवारा व असामाजिक तत्वों के बारे में शिकायत की। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक से फोन पर बातचीत की और यहां पुलिस निगरानी को बढ़ाने के लिए कहा। कुछ शौचालयों में पीने के पानी और हाथ धोने की समस्या सामने आई जिस पर निगम अधिकारियों ने इन व्यवस्थाओं को जल्द सुधारने की बात कही।

### निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण किया

सबसे पहले सुभाष चंद्र ने भगवाडिया गैस एजेंसी के पास चल रहे सडक़ निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में देरी के लिए ठेकेदार को फटकार लगाई और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा ताकि आम लोगों को निर्माण सामग्री के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद उन्होंने रेलवे रोड पर खालसा कॉलेज के समीप बने शौचालय, महिलाओं के लिए बनाए गए शीरो रूम और पुरानी सब्जी मंडी व कर्णताल पार्क के साथ मुगल कैनाल पर निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों से व्यवस्था का फीडबैक भी लिया। कुछ स्थानों पर कमियां पाई जाने पर उन्होंने ठेकेदार व निगम अधिकारियों से इन कमियों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन के जरिए करवाए 6500 रिश्ते : रमेश

- जिंदल 23 मार्च को अग्रसेन भवन करनाल में आयोजित किया जाएगा 25वां



**करनाल।** अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि विवाह में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने तथा अग्रवाल युवक-युवतियों को जीवन साथी चुनने के लिए श्रेष्ठ मंच प्रदान करने वाले अग्रवाल युवा संगठन ने इस बार 23 मार्च को अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन करने की तैयारी कर ली है। यह 25वां सम्मेलन होगा। देश के साथ विदेशों से भी युवक-युवतियां सम्मेलन में आएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं उद्योगपति शम्मी बंसल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर रेणु बाला गुप्ता करेंगी, जबकि स्वागत अध्यक्ष की भूमिका व्यापारी नेता बजरंग दास गर्ग अदा करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवक-युवतियां पूरे उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। कार्यालय में पंजीकरण करवाने के साथ-साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी संगठन द्वारा दी गई है। अग्रसेन भवन में पत्रकारों से बातचीत में संगठन के प्रधान रमेश जिंदल और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2000 में पहला सम्मेलन आयोजित किया गया था। लोगों में विवाह शादियों में फिजूल खर्ची नहीं करने को लेकर जागरूकता आई है, लेकिन अभी और अधिक कार्य किए जाने की जरूरत है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का किया भव्य अभिनंदन

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रवीण लाठर को करनाल जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा के रामनगर मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद नागपाल और पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी ने कर्ण कमल कार्यालय पहुंचकर प्रवीण लाठर को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दी। दोनों नेताओं ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि प्रवीण लाठर को जिला प्रधान बनाया गया है। प्रवीण लाठर ईमानदार और स्वच्छ छवि के नेता हैं। उनकी कार्यशैली भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पसंद है। प्रवीण लाठर ने राजनीति के माध्यम से समाज सेवा करने का कार्य किया है। केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया। भाजपा ने हमेशा सक्रिय रूप से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को बड़े ओहदे सौंपे हैं। प्रवीण लाठर को जिला अध्यक्ष बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया गया है।



# सम्पत्ति कर बकायादारों की सम्पत्तियां होंगी कुर्क, नोटिस किए जारी: डॉ. वैशाली शर्मा

- 25 सम्पत्तियों को एरियर ऑफ लैंड रिवेन्यू किया घोषित : निगमायुक्त
- नगर निगम ने 600 से अधिक नोटिस किए जारी, जल्द होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लंबे समय तक नगर निगम में सम्पत्ति कर जमा न करवाकर डिफाल्टर की श्रेणी में आने वाले सम्पत्तिधारकों की सम्पत्ति की अब कुर्की की जाएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत ऐसी करीब 25 सम्पत्तियों को एरियर ऑफ लैंड रिवेन्यू यानि भू-राजस्व का बकायादार घोषित कर दिया है। इसके अतिरिक्त इन सम्पत्तियों की कुर्की करने के लिए नायब तहसीलदार, नगर निगम करनाल को आदेश भी जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों से टैक्स भरवाने के लिए नगर निगम ने कढ़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि इसी कडी में 48 अन्य सम्पत्तियों को भी एरियर ऑफ लैंड रिवेन्यू घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है, जो जल्द ही पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद इन सम्पत्तियों की कुर्की के लिए भी नायब तहसीलदार, नगर निगम करनाल को आदेश दे दिए जाएंगे। निगमायुक्त ने बताया कि 1 लाख रुपये ऊपर के बकायादार सम्पत्ति धारकों को कुर्की के नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। अब तक 600 से अधिक नोटिस जारी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले सभी बकायादारों को सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नोटिस दिए गए थे।

### 9 करोड़ 27 लाख सम्पत्ति कर हुआ जमा

उन्होंने बताया कि नगर निगम कार्यालय में वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 9 करोड़ 27 लाख रुपये सम्पत्ति कर के रूप में जमा हुए हैं, जबकि डिमांड 25 करोड़ रुपये की है। उन्होंने आशा व्यक्त करते कहा कि बकायादारों के द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के बाद इस राशि सम्भवतः इजाफा होगा।

## सांग की लोक परंपराओं को बचाना होगा: डॉ विरेंद्र चौहान

# सांग प्रस्तुति से बिखेरी अनोखी संस्कृति की छटा

- सांग जैसी सांस्कृतिक विरासत समाज की धरोहर : प्रोफेसर रामपाल सैनी
- सांग महोत्सव के तीसरे दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय युटीडी की टीम ने दी सत्यवान सावित्री के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे चार दिवसीय सांग महोत्सव के तीसरे दिन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) की टीम ने सत्यवान सावित्री के किस्से का सांग प्रस्तुत कर दर्शकों को अत्यंत भावुक कर दिया। अपनी प्रस्तुति में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने सुनाया कि



सावित्री ने जिस सत्यवान को पति के रूप में चयन किया है। उनकी आयु ज्यादा लंबी नहीं है। उसी समय देव ऋषि नारद आए और सावित्री से कहने लगे की तुम्हारा पति अल्पायु है। आप कोई दूसरा वर मांग लें। पर सावित्री ने कहा- मैं एक हिन्दू नारी हूं, पति को एक ही बार चुनती हूं। इसी समय सत्यवान के सिर में अत्यधिक पीड़ा होने लगी।सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने गोद में पति के सिर को रख उसे लेटा दिया। उसी समय सावित्री ने देखा अनेक यमदूतों के साथ यमराज आ पहुंचे है। सत्यवान के जीव को दक्षिण दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं। यह देख सावित्री भी यमराज के पीछे-पीछे चल देती हैं।उन्हें आता देख यमराज ने कहा कि- हे पतिव्रता नारी! पृथ्वी तक ही पत्नी अपने पति का साथ देती है। अब तुम वापस लौट जाओ। सांग महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि ऐडवोकेट कविंद्र राणा ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति को सांग के रुप में विकसित करने के लिए युवाओं को जोड़ने का सशक्त माध्यम है,सांस्कृतिक महोत्सव। वहीं वशिष्ट अतिथि के रूप मौजूद हरियाणा ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ विरेन्द्र चौहान ने कहा कि पुराने समय में सांग की लोकप्रियता और चाव लोगों में बहुत होता था। लेकिन आज सांग अपने मूल रूप में रहे, सांग की संस्कृति जिंदा रहे। इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत कर सम्मानित किया। साथ ही अपने संबोधन में कहा कि सांग जैसी सांस्कृतिक विरासतें समाज की अनमोल धरोहर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉ हरविंदर सिंह मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों का ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित

**बापौली।** गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में आज प्री नर्सरी से केजीतक के बच्चों का ग्रेजुएशन डे मनाया गया। जिसमें ब चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों ने मिलकर एक यादगार दिन का जश्न मनाया। गीता गुरुप की प्रबंधन समिति की सदस्य नेहा बंसल, निर्देशिका मानवी बंसल, व डॉ. हितेश चंद शर्मा रसायन शास्त्र के प्रवक्ता मुख्य अतिथि रहे। वहीं बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

### मकान बना कर लें पीएम आवास योजना का लाभ

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज विधानसभा सभागार से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पहली किस्त गरीब परिवारों को जारी करते हुए कहा कि इस योजना से गरीबों का छत का सपना साकार साकार होगा। वहीं उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि इस योजना के तहत गरीबों के पक्के मकान का सपना सरकार प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी दोषी करार

**पानीपत।** जुनाईल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसीपल मैजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा ने बताया कि पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2023 में एक 6 वर्षीय अबोध बालिका से दुराचार होने की शिकायत प्राप्त होने पर 14 वर्षीय एक किशोर बालक पर धारा 6 पोस्को एक्ट व 376 एण्बीण्ए 377 आईपीसी में केस दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए किशोर वाद-विवादित बालक को दोषी करार दिया गया है।

### अग्निपथ तथा रेगुलर एंट्री के तहत 10 तक आवेदन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉट वाईनईडियनआर्मीडॉटएनआईसीडॉटइन 10 अप्रैल 2025 तक खुला रहेगा। भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना नाम वेबसाइट पर पंजीकरण करना आवश्यक है।

### इनामी बदमाश अवैध पिस्तौल के साथ काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर चौटाला रोड से 5 हजार के इनामी आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान रणदीप उर्फ मांडी निवासी शहर मालपुर के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा। आरोपी पर बापौली थाना में दर्ज एक मामले में 5 हजार का इनाम घोषित है।

### पानीपत में पीएनबी के एटीएम से छेड़छाड़

**पानीपत।** शहर के बरसत रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से शरारती तत्वों ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपियों ने मशीन में ऐसा कर दिया, जिससे उपभोक्ताओं के खाते से रुपए तो कट रहे थे, लेकिन ये मशीन से बाहर नहीं आ रहे थे। मामले की शिकायत मिलने पर ब्रांच मैनेजर ने इसकी जांच करवाई। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

### घर में घुसकर किया जीजा के भाई और मां पर हमला

**बापौली।** गांव सनौली खुर्द में एक घरेलू विवाद के दौरान लड़की के मायका वालों ने घर में घुसकर जीजा के भाई और सास पर हमला कर दिया। मामले की जड़ पति-पत्नी की मारपीट से जुड़ी है।मायका वाले दंपती के विवाद के चलते समझाने के लिए वहां आए थे, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सनौली थाना में सावेज गांव सनौली खुर्द के एक निवासी ने बताया कि उनके भाई महताब की शादी मौसीना गांव बरनाऊ, जिला शामली उत्तर प्रदेश के साथ हुई थी। मौसीना छोटी-छोटी बातों पर कहासुनी करती रहती थी।

## एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

# बुआना लाखू में बस क्यू शैल्टर गिराकर लोहा बेचा

### पुलिस, एसडीएम ओर एसईपीओ इसराना को लिखित शिकायत दी इसके बाद गांव में तनाव बना जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना



इसराना। बस क्यू शैल्टर तोड़कर वाहन में रखा गये लोहे का चित्र।

खंड के गांव बुआना लाखू में शाहपुर गन्नौर मार्ग पर गांव में तालाब के पास यात्रियों के लिए बस क्यू शैल्टर बनाया गया था। जिसको गिरवाकर उसका लोहा ओर सरिया बेच रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया ओर पुलिस, एसडीएम ओर एसईपीओ इसराना को लिखित शिकायत दी है। वहीं इसके बाद गांव में तनाव देखा जा रहा है।

बता दें कि गांव बुआना लाखू बने इस बस क्यू शैल्टर को कुछ शरारती तत्वों ने बिना किसी विभाग की अनुमति के बिना गिराकर उसमें लगे लोहा ओर सरिया को बेच दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना इसराना थाना पुलिस डायल 112 नम्बर पर की ओर लिखित शिकायत भी थी। उसके बाद ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इसराना की एससीपीओ ज्योति को दी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। वहीं ग्रामीण सुमित मलिक, संदीप, दीपक, नरेश, चांद सिंह, प्रवीण, अमरजीत,हरीश, देवेन्द्र, रविन्द्र, अमित, विष्णु व महावीर ओर सुमित शिकायत देने वालों में शामिल हैं।

### रिफाइनरी ने 125 दिव्यांगों को मोटर चलित तिपहिया की वितरित

**पानीपत।** पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के जरूरतमंद दिव्यांगजनों की मदद करने हेतु इंडियनऑयल की पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के माध्यम से वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत हुए समझौते के तहत आज एक में 125 मोटर चलित तिपहिया साइकिलों का वितरण किया। एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने ओमप्रकाश मुख्य महाप्रबंधकमानव संसाधन, एस के रथएलिम्को की उपस्थिति में पानीपत एवं इसके आसपास के गांवों के 125 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटर चालित तिपहिया साइकिलें प्रदान की।

# पंजाब के किसानों पर पुलिस की कार्यवाही पर लाल हुए संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा कुरुक्षेत्र सीएम आवास पर हुए प्रदर्शन में भाग लेने वाला किसानों का जत्था। फोटो : हरिभूमि

पंजाब के किसान आंदोलन पर पुलिस दमन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी और अखिल भारतीय किसान सभा ने कहा कि पंजाब में खनोरी और शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन पर पंजाब पुलिस द्वारा किसानों पर पुलिस दमन सहन नहीं किया जाएगा। कमेटी के जिला संयोजक जय करण कादियान, का.सुनील दत्त, डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल गाहल्याण, दिलावर सिंह राठी ने संयुक्त रूप से कहा कि पुलिस की दमनकारी कार्यवाही के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की तरफ से आज कुरुक्षेत्र मुख्यमंत्री आवास पर विरोध प्रदर्शन किया गया। कमेटी द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार आगामी आंदोलन व प्रदर्शन किए जाएगें।

# स्कूल के बच्चों ने लिया आशीर्वाद

- बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं। उनके जीवन में अच्छे संस्कारों से फूलों की वर्षा हो

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। डेरा बाबा जोध सचियार में बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल के बच्चे।

जीटी रोड स्थितडेरा बाबा जोध सचियार में बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल के प्री नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों ने डेरे पर आकर बाबा जी के सामने मत्था टेक के आशीर्वाद लिया।

स्कूल की अकैडमिक कॉर्डिनेटर आकांक्षा दहिया ने बताया कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं। उनके जीवन में अच्छे संस्कारों से फूलों की वर्षा हो। जिससे वह जीवन में आगे बढ़ सकें ,इसलिये प्री नर्सरी से दूसरी कक्षा के 200 बच्चे परमात्मा का आशीर्वाद लेने आये हैं। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के सहसचिव राकेश भयाना, कैशियर वेद बठला, कार्यकारणी सदस्य कमल भयाना, यशपाल ग्रोवर व सुरेश बजाज ने स्कूल की सभी अध्यापिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर रितिका, पाखी, पुनिता, राशि, धीरज, सुमन, बबिता, पायल, चारु, गुरदीप कौर, गच्चा, रानू, पूजा व नामिता मौजूद रहे।

### शादी से एक दिन पहले किसान के ढ़ेड लाख के पशु चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭बापौली

क्षेत्र के गांव तामसाबाद में लड़की की शादी से 1 दिन पहले गांव के धर्मेंद्र पुत्र पालेराम के पशु बाड़े में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिससे किसान धर्मेंद्र का करीब ढ़ेड लाख का नुकसान हुआ है। धर्मेंद्र ने थाना सुनौली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उसकी लड़की एवं भतीजी की शादी थी। जिसकी तैयारी में उनका पूरा परिवार व्यस्त था तथा अपने पशु बाड़े की तरफ यादा ध्यान नहीं दे पाए।

# वैदिक साहित्य पर प्रकाश डाला

- आईबी कालेज में संगीत विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। दीप प्रगावलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ करते अतिथिगण व आयोजक। फोटो :हरिभूमि

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगीत गायन तथा वादन विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जो उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा अनुमोदित थी। आईबी सोसायटी के महासचिव एल एन मिगलानी, सचिव रवि गोसाईं एवं राजेश नागपाल, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक तथा उप प्राचार्या डॉ.किरण मदन, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ.विक्रम कुमार तथा संगोष्ठी संयोजिका डॉ.भगवंत कौर एवं डॉ.मोनिका सोनी ने दीप प्रगवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ.मोनिका सोनी ने संगोष्ठी के उद्देश्य से अवगत कराया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने संगीत विषय की शैक्षणिक संस्थानों में अनिवार्यता, राग-तालों का मानव जीवन पर प्रभाव तथा संगीत को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्वीकार करते हुए इसके आध्यात्मिक एवं मानसिक प्रभावों का वर्णन किया। मुख्य अतिथि डॉ.पंकजमाला शर्मा संगीत विभाग पंजाब विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त डीन ने अपने वैदिक साहित्य पर प्रकाश डाला। संयोजन सचिव डॉ.अंजलि, खुशबू, ललित कुमार, विशाल, अमन कुमार, डॉ.निधान सिंह, डॉ. सीमा, डॉ.सुनीता ढांडा, प्रो.सोनिया, डॉ.अश्विनी गुप्ता, डॉ.नीतू , रवि, टिंकू व गणेश आदि उपस्थित थे।

# शहीदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर

- मुख्यातिथि डीएसपी नरेंद्र सिंह कादियान रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा



समालखा। रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते हुए मुख्यातिथि डीएसपी नरेंद्र कादियान।

युवा चेतना क्लब समालखा द्वारा शहीदों की याद में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 89 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्यातिथि डीएसपी नरेंद्र सिंह कादियान रहे। डीएसपी ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। वहीं डीएसपी कादियान ने युवाओं को नशे को दूर रहने का संदेश दिया तथा क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा। आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागतकिया गया। गुरु रविदास सभा के प्रधान राजेंद्र ने भी अपने संदेश को युवाओं को देशभक्ति के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। क्लब के सदस्य मनीष चौहान ने बताया कि क्लब द्वारा करीब 5 डोनेशन कैंप आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा आपातकाल में भी जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इस अवसर पर भगत सिंह, रोहित देहरा, सुधाकर पांडे, अनूप सैनी, आशीष डिकाडला, सतीश देहरा, गुलफ ाम हथवाला, प्रदीप बिलासपुर व प्रीति आदि उपस्थित रहे।

# श्री श्याम वंदना महोत्सव 23 को

- श्री श्याम प्रभु का सुगंधित फूलों से सुन्दर श्रृंगार होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। श्री श्याम वंदना महोत्सव के बारे जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य।

प्राचीन एवं ऐतिहासि देवी मंदिर के प्रांगण में आगामी 23 मार्च को खाटु वाले श्री श्याम प्रभु जी का चतुर्थ श्री श्याम वंदना महोत्सव धूमधाम से श्याम रस सेवा समिति पानीपत द्वारा मनाया जा रहा है। जिसका समय शाम 4:15 बजे से प्रभु इच्छा तक श्री श्याम प्रभु का गुणगान भजनों के माध्यम से प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल करेंगे। इसके अलावा नरेश सैनी गुरुग्राम , पानीपत से आशु वर्मा, सूरतगढ़ राजस्थान से वैष्णवी जनवेजा प्रभु का गुणगान करेंगे। श्री श्याम बाबा के संकीर्तन में श्याम बाबा का विशेष आशीर्वाद बाबा की मोर छड़ी द्वारा सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया जाएगा। वहीं श्री श्याम प्रभु का सुगंधित फूलों से सुन्दर श्रृंगार होगा। जबकि पंडाल में केसर के इत्र का छिड़काव सभी भक्तों पर होगा। श्री श्याम प्रभु जी की अखंड रसोई में भंडारा भी चलेगा। संकीर्तन में स्वामी मुक्तानंद जी महाराज का सानिध्य मिलेगा। योत प्रज्वलन मुख्य अतिथि समाजसेवी संरक्षक श्री श्याम मंदिर चुलकाना धाम करेंगे नरेश सिंगला करेंगे। इसके अलावा उद्योगपति विजय जैन,संजय गुप्ता ,विधायक प्रमोद विज, आरएसएस से राजेश गोयल, प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर गजेंद्र सलूजा,मेयर कोमल सैनी, संजय अग्रवाल भी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।

# एसडी कॉलेज के दो छात्रों का आईआईटी जोधपुर में पीएचडी में हुआ चयन

- कॉलेज में उत्सव और गर्व का माहौल बना

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा व अन्य।

एसडी पीजी कॉलेज के एमएससी केमिस्ट्री के दो छात्रों का बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी और आईआईटी जोधपुर में पीएचडी कोर्स में चयन हो गया है। जिससे कॉलेज में उत्सव और गर्व का माहौल है।

छात्र निखिल ने सीएसआईआर की परीक्षा में नेट एवं जेआरएफ को उतीर्ण करके आल इंडिया स्तर पर 66वां रैंक हासिल किया। जिसके दम पर उन्हें हिन्दूविश्वविद्यालयवाराणसीमेंरसायनशास्त्रविभागमेंपीएचडीकरनेकाअवसर मिलाहै। इसी प्रकार छात्र लवप्रीत ने गेट की परीक्षा को उतीर्ण करके आल इंडिया स्तर पर 569वां रैंक हासिल किया जिसके बल पर उन्हें आईआईटी जोधपुर में पीएचडी करने का अवसर मिला है। यह जानकारी देते हुएकॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा नेमेधावी छात्रों पर गर्व करते हुए निखिल और लवप्रीत की मेहनत और लगन की भरपूर सराहना की। रसायन स्नातकोत्तर विभाग से प्रो.मयंक , डॉ.प्रोमिला, प्रो.शिवी, प्रो.कीर्ति और प्रो.प्रियंका ने लवप्रीत को बधाई दी।

## ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार का नया कदम गौरैया संरक्षण अभियान चलाया

# गौरैया बचाओ अभियान काबिले तारीफ कदम

- अभियान न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रहेगा बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



विश्व गोरैया दिवस पर विद्यार्थियों को घोंसले वितरित करते हुए प्रो .दलजीत कुमार।

इको क्लब के अंतर्गत देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने आज गौरैया संरक्षण अभियान की शुरुआत करते हुए 21 लकड़ी के घोंसले पक्षी विहार में स्थापित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के उद्देश्य से यह अभियान न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण रहेगा बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रो.दलजीत कुमार ने कहा कि गौरैया एक समय भारत के हर घर, आंगन और खेतों में चहकने वाली सबसे सामान्य पक्षी थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में नेचर फॉरएवर सोसाइटी के संस्थापक मोहम्मददिलावर के प्रयासो से गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में घोषित किया गया। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन गौरैया को बचाने के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं।

उप.प्राचार्या प्रो.रितु नेहरा ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार का गौरैया बचाओ अभियान काबिलेतारीफ कदम है। इस अवसर पर डॉ. तकदीर सिंह,डॉ. योति, पालेराम व अनिल माली सहित इको क्लब के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### आर्य कालेज के प्राणी शास्त्र विभाग ने मनाया विश्व गोरैया दिवस

**पानीपत।** आर्य महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा प्रकृति के नन्हें पक्षीवाहकों को श्रद्धांजलि के रूप में विश्व गोरैया दिवस मनाया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में राज्य के लगभग 20 महाविद्यालयों ने ऑफलाइन व आनलाइन तरीकों से भाग लिया। विडियोग्राफ ी, शीर्षक स्लाईड, पोस्टर मैकिंग, निबंध लेखन व फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का मुख्यविषय आर्द्रभूमि संरक्षण में पक्षियों की भूमिका जलवायु परिवर्तन का तालाबों पर प्रभाव। पक्षी संरक्षण व पक्षियों का व्यवहार अध्ययन रहा। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा खींचें गए पक्षियों के चित्रों का अवलोकन किया व विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय पक्षियों की जनसंख्याकाडाटातैयार करनेकेकामकोसराहा।



समालखा। अवैध कालानी गिराते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

क्षेत्र में बिना अनुमति के काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को डीटीपी सुनील आंतिल के दिशा निर्देशों पर जिला नगर योजनाकार की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जेई अनिल लाकड़ा के द्वारा वीरवार को जेसीबी से तोड़ दिया गया।

इस दौरान अलग अलग क्षेत्र नारायणा रोड पर करीब छह एक्कड़, मनाना रोड पर बनी अवैध कॉलोनियों में क ची सड़कों व नींव व डीपीसी को तोड़ा गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार सुनील आंतिल ने बताया कि जिला के अंतर्गत अवैध कालोनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला वासी भी प्लाट खरीदने से पहले जांच करा लें कि उक्त कालोनी वैध या नहीं। अवैध कालोनी में प्लाट ना लें।

## खबर संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान बीके बहनें व अन्य।

### जो बातें दुखी करती हैं उन्हें पकड़ कर न बैठें

**अंबाला।** अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ आश्रम शांतिधाम की ओर से वीरवार को रेलवे कॉलोनी में *सीक्रेट ऑफ हैप्पीनेस* विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि आज हर परिस्थिति में खुश रहना बहुत बड़ी चुनौती लगती है लेकिन जीवन में कुछ सकारात्मक चीजों को उतार कर हमेशा खुश रहा जा सकता है। खुश रहना अच्छी सेहत की निशानी है। ऐसा होना चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिए अगर हम सोचें कि सब कुछ हमारे हिसाब से हो और सारी परिस्थितियां हमारे अनुकूल हो तो ऐसा सोचने से हमें खुशी नहीं मिलेगी। इससे बाहर की खुशी यानी क्षणिक खुशी मिलेगी, आंतरिक खुशी नहीं मिलेगी। खुश रहने का बहुत ही सरल फॉर्मूला है जो बातें हमें दुखी करती हैं हमें उन्हें पकड़ कर नहीं बैठ जाना चाहिए।

### शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिलें मे निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हैं। गर्ग वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे।

## तोड़े गए शेड को पुलिस ने किनारे किया, किसानों को जरूरत का सामान ले जाने की छूट

# भारी बैरिकेडिंग को हटाने में छूट रहे पसीने, लोगों को 20 किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर जाने से मिली राहत

**किसान हटाने के बाद पंजाब पुलिस ने संभाला मोर्चा, किसानों को एकजुट करने वाले नेताओं की धरपकड़ शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर की दोनों लेन से ट्रैफिक बहाल हो गया। इससे पहले वीरवार सुबह एक लेन से ट्रैफिक को चालू किया गया था। शाम को प्रशासन की ओर से दूसरे लेन पर लगे भारी भरकम बैरिकेड को हटाकर ट्रैफिक शुरू कर दिया गया। 13 महीने से बंद पड़े शंभू बॉर्डर पर एक बार फिर वाहनों की आवाजाही से वाहन चालकों को बेहद बड़ी राहत मिली। अब उन्हें 20 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पडेगा। अब प्रशासन की ओर से अंबाला-राजपुरा रोड़ का भी खोलने की तैयारी चल रही है। किसान आंदोलन की वजह से यह सड़क भी बंद पड़ी थी।


### दोनों लेन से बैरिकेड हटाए गए

शंभू बॉर्डर पर दिल्ली-अमृतसर व अमृतसर- दिल्ली नेशनल हाइवे की दोनों लेन से भारी भरकम बैरिकेड हटा दिए गए। इसी वजह से वीरवार शाम को प्रशासन की ओर से दोनों लेन पर ट्रैफिक बहाल कर दिया था। जेसीबी के जरिए भारी भरकम बैरिकेड्स को हटाया गया। साथ ही किसानों को रोकने के लिए लगाई गई नुकीलें कीलें भी सड़क खोदकर हटा दी गई। 13फरवरी 2024 में अपनी मांगों को लेकर यहां डेरा डालने वाले किसानों को हरियाणा सरकार ने दिल्ली कूच से पहले ही शंभू बॉर्डर पर भारी भरकम बैरिकेड लगाकर रोक दिया था। इसके बाद से यह शंभू बॉर्डर का रास्ता पूरी तरह से बंद था। वीरवार सुबह से ही जेसीबी के जरिए कंक्रीट के बैरिकेड्स हटाने का काम हुआ। पंजाब पुलिस पहले ही किसानों द्वारा बनाए गए ढांचों को तोड़कर उन्हें हटा चुकी थी।पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा कि रोड को क्लियर करने का काम किया जा रहा है। अंबाला प्रशासन की ओर से अपने स्तर पर बैरिकेड हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 100 किसानों को डिटेन किया गया है। बॉर्डर से जब्त पुराने शंभू थाने में ट्रेक्टर ट्रॉलियां खड़ी की जार रही हैं। अपनी ऑनरशिप दिखाकर किसान वहां से सामान लेकर जा सकते हैं।

**कड़ी सुरक्षा**

- किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैद
- शंभू बॉर्डर पर तोड़े गए शेडों को हुआ भारी नुकसान
- वाहनों की आवाजाही शुरू होने से जल्द शुरू हो जाएगी टोल पर वसूली
- प्रशासन अंबाला राजपुरा रोड को भी खोलने की तैयारी में





### तोड़े गए शैड साइड में किए गए

शंभू बॉर्डर पर किसानों की ओर से लगाए गए पक्के शैड़ों को जेसीबी के जरिए तोड़कर हाइवे के किनारे डाल दिया गया है। अब किसान इन टूटे शैड़ों से अपनी जरुरत का सामान तलाश रहे हैं। किसान एकजुट न हो इसलिए पंजाब पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर मोर्चा संभाल रखा है। खुद एसएसपी नानक सिंह यहां पुलिस अमले के साथ किसानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। पुलिस की ओर से किसानों को यहां से अपना सामान समेटने की छूट दी गई है। उधर पुलिस कार्रवाई से सबसे ज्यादा नुकसान टेंट वालों का हुआ है। शंभू बॉर्डर पर लगे किसानों के ज्यादातर टेंट किराये पर थे। इन टेंटों को पुलिस की ओर से जेसीबी के जरिए तबाह कर दिया गया। अब टेंट मालिक भी यहां अपना सामान तलाश रहे हैं।

### जल्द शुरू होगा टोला प्लाजा

किसान आंदोलन की वजह से शंभू बॉर्डर पर टोला प्लाजा भी 13 महीने से बंद पड़ा था। शंभू बॉर्डर से किसान हटाए जाने के बाद वीरवार को टोला प्लाजा की सफाई की गई। वाहनों की आवाजाही शुरू होने से अब जल्द ही यहां वाहनों से टोल वसूलने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। काफी समय से टोल बंद होने से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था।



### किसानों की धरपकड़ जारी

*शंभू बॉर्डर से किसानों को हटाने के लिए अब पुलिस उन किसान नेताओं पर शिकंजा कसने की कार्रवाई कर रही है जोकि दूसरे किसानों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे किसानों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को बंद किया जा रहा है। उन्हें हिरासत में लेने के लिए धरपकड़ की जा रही है। पुलिस ने ऐसे कई किसानों के घरों के बाहर नोटिस भी चस्पाए गए हैं। इन नोटिसों में उन्हें पहले से लंबित केसों में जांच में शामिल होने के आदेश दिए जा रहे हैं। किसान आंदोलन को कुचलने के बाद अब पुलिस उन्हें दोबारा एकजुट होने का मौका नहीं देना चाहती। इसी वजह से यह कार्रवाई हो रही है।*



### धोखे से हुई नेताओं की गिरफ्तारी

*भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बातचीत के बाद किसान नेताओं सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की जमकर आलोचना की। यूनियन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि सरकार ने धोखे से किसान नेताओं को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि किसानों कि आवाज को दबाने के लिए सोची समझी साजिश के तहत यह कार्रवाई है। मोहड़ी ने कहा कि सरकार उनकी आवाज नहीं दबा सकती। किसान फिर अपने आंदोलन को खड़ा करेंगे। उन्होंने सभी किसान साथियों से पंजाब व केंद्र सरकार के पुतले फूंकने के आदेश दिए।*

**अंबाला-राजपुरा सड़क जल्द खुलेगी**

*शंभू बॉर्डर पर अंबाला से राजपुरा आने वाली सड़क भी जल्दी ही लोगों के लिए खुल जाएगी। सड़क पर बैरिकेडिंग हटाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब सफाई का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा पंजाब पुलिस के अधिकारियों की एक टीम भी पहुंची है।*

### हास्य योग से तनाव से मुक्ति - योग साधक

**नारायणगढ़।** योग एवं प्राणायाम से व्यक्ति जहां रोगों से दूर रहता है वहीं तनाव मुक्त रह कर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। गांव काठेमाजरा के योग साधक गुलजारा राम की मानें तो योग में तो सभी आसनों का स्वास्थ्य की दृष्टि से अलग-अलग महत्व है लेकिन हास्य आसन का अपना एक अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे स्वास्थ्य के लिए हसना भी बेहद जरूरी है। वे हास्य आसन करते हुए न केवल स्वयं हंसते है बल्कि अपने हंसी के ठहाकों से दूसरों को भी हंसने पर मजबूर कर देते है। उन्होंने कहा कि वे नशों से दूर है और पिछले करीब 15 सालों से योग से जुड़े हुए हैं। वे प्रति दिन एक घंटे योग एवं प्राणायम करते हैं। उनका सदैव प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़े और स्वास्थ्य लाभ ले। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग योग से जुड़े और नशों से दूर रहे। उन्होंने बताया कि हास्य आसन जिसे लाफ्टर योग भी कहते हैं कई तरह के शारीरिक और मानसिक लाभ प्रदान करता है। इस आसन से तनाव कम करना, मूड बेहतर करना, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। हास्य आसन से शारीरिक लाभ, तनाव कम करना, हंसी तनाव के स्तर को कम करती है, जिससे मन शांत और तनावमुक्त होता है।हृदय स्वास्थ्य में सुधार-हंसी से रक्त संचार बेहतर होता है, जो रक्तचाप को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। पेट की मांसपेशियों को मजबूत करना-हंसी से पेट की मांसपेशियों को व्यायाम मिलता है जिससे वे मजबूत होती हैं।

- गुलजारा राम हास्य योग के जरिए लोगों को दे रहे हैं नई जिंदगी



# छात्रों के साथ लोगों को भी विरासत स्थलों के प्रति किया गया जागरुक

- डीएवी कॉलेज में लगाई गई विरासत स्थलों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, चंडीगढ और कॉलेज के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा राज्य के संरक्षित विरासत स्थलों से संबंधित एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. यूवी सिंह, पूर्व प्रोफेसर एवं इतिहास विभागाध्यक्ष एसडी कॉलेज और सदस्य वार हीरोज मेमोरियल अंबाला कैंट द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने मुख्यअतिथि डॉ. यूवी.सिंह का स्वागत किया। सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है। इस प्रदर्शनी के सह संयोजक इतिहास विभागाध्यक्ष डीएवी कॉलेज डॉ. चांद सिंह ने बताया कि कॉलेज का इतिहास विभाग पहले भी प्रदर्शनी लगवाता रहा है। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति रूचि जागृत करना है ताकि भविष्य के नागरिक अपनी सभ्यता, संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों को न भूलें।


**अंबाला।** प्रदर्शनी के दौरान ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी लेते शिक्षक व अन्य।

इस प्रदर्शनी का सुचारू आयोजन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा चण्डीगढ की ओर से डॉ. सुरूचि चावला, विजय कुमार, जसविंद्र पाल सिंह व सतप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ. आरएस परमार, डॉ. रेखा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, प्रोफेसर नीरज, प्रोफेसर सिम्मी सभ्रवाल, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. जसमेर सिंह, अतिमुक्त जैन, प्रोफेसर शांत कौशिक, डॉ. मधु गोयल, प्रियंका चौधरी, डॉ. विनय, डॉ. सुखदेव, प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा, डॉ. शालू गुप्ता एवं प्रो मीना मलिक मौजूद थी।



### राजकीय-प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में सुधार के लिए तैयार होगी रणनीति

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय मेंटर क्षमता वर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में जिला के सभी मेंटरों को विभिन्न दक्षताओं से परिचित करवाया गया और उनकी क्षमताओं के विकास पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रशिक्षुओं को प्रस्तुतीकरण और समन्वय की महत्ता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने एबीआरसी और बीआरपी को अपनी /"आर्मी/" संबोधित करते हुए कहा कि अंबाला के सभी राजकीय विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है और इसे प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी वर्णमाला को एक नया रूप दिया, जिसमें /"ए/" से एडमिशन, /"बी/" से बैग, /"सी/" से क्लासरूम, /"डी/" से ड्रेस, /"ई/" से एजुकेशन और /"एफ/" से फूड—जो सरकारी विद्यालयों में दी जाती है—पर विस्तार से चर्चा की।कालड़ा ने हाल ही में आयोजित मेगा मॉनिटरिंग कार्यक्रम के नतीजे भी प्रस्तुत किए, जिनके अनुसार अंबाला जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। इसी के आधार पर अंबाला को 'सक्षम' और 'निपुण' बनाने के लिए नई रणनीति तैयार की जाएंगी।कार्यक्रम के दौरान निपुण टीम अंबाला, खंड संसाधन संयोजिका मोनिका और विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला भी उपस्थित रहीं।

### एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक की स्थापना के लिए मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से दिए बारह लाख रुपये

**अंबाला।** अंबाला छावनी में फुटबॉल का सुनहरा दौर फिर से लौटे इसके लिए उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने फुटबॉल के दादा कहे जाने वाले "एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक" की स्थापना करवा रहे हैं। इस शुभ कार्य के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपए नगर परिषद को जारी कर दिए हैं। विज ने नगर परिषद को एसडी चटर्जी की याद में फुटबॉल चौक निर्माण करने को कहा है। अंबाला छावनी में फुटबॉल के सुनहरे दिन फिर से लौटे इसके लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज पहले ही अंबाला छावनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के फीफा एप्रूव्ड फुटबॉल का निर्माण करवा चुके हैं। चौक के निर्माण को लेकर नगर परिषद अधिकारियों ने इसके डिजाइन को भी अंतिम रूप दे दिया है। आगामी दिनों में फुटबॉल चौक के निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। अंबाला छावनी में दादा के नाम से मशहूर एसडी चटर्जी के समय में यहां की फुटबॉल ने बुलंदियों को छुआ था। तब अंबाला की फुटबॉल की धाक थी जिसने मोहन बगान, मोहम्डन स्पोर्टिंग क्लब जैसी नामी टीमों को धूल चटाई थी।



**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** | **लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के आदेश दिए**

# अधिकारी खुद को जनता के मालिक न समझे पूर्व मंत्री असीम ने अफसरों को दी नसीहत

## प्राथमिकता के आधार पर जनता की समस्याओं के समाधान के निर्देश, शंभू बॉर्डर खुलने से सभी वर्गों का फायदा

**पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने आवास पर जनता की समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने आवास पर जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान भारी संख्या में लोग अपनी शिकायतें व समस्याएं लेकर पहुंचे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तुरंत उनके समाधान के आदेश दिए। गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी अधिकारी खुद को जनता का मालिक न समझे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनता के कार्यों को लेकर लापरवाही किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तय समय सीमा के भीतर अधिकारियों को लोगों के काम पूरे करने होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि टालमटोल की नीति अब नहीं चलेगी। गोयल ने साफ किया कि नायब सरकार जनता की आवाज को दबने नहीं देगी। प्रशासन को जवाबदेह बनाना सरकार की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना होना चाहिए, न कि सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति करना। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल केवल राजनीतिक फायदे के लिए जनता को गुमराह कर रहे हैं और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसे नेताओं की सच्चाई समझ चुकी है और सही समय पर इनका जवाब देगी।


**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो :हरिभूमि

### अंबाला के लोगों मिलेगी राहत

पंजाब सरकार द्वारा शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर असीम गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अंबाला के लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर बंद होने से व्यापारियों, छात्रों और किसानों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। जहां व्यापारी अपने सामान की आवाजाही को लेकर परेशान थे वहीं छात्र अपने संस्थानों तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे थे। किसानों को भी अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में बड़ी दिक्कतें हो रही थीं। गोयल ने कहा कि अब जब बॉर्डर खुला तो सभी वर्गों को फायदा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियां दोबारा सामान्य होंगी। किसान आंदोलन खत्म करवाने के मुद्दे पर संसद में विपक्ष द्वारा तख्तियां लहराने और हंगामा करने को लेकर असीम गोयल ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता त्वरित राजनीति कर रहे हैं। उन्हें /"बरसाती मेंढक/" कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक दल की बात नहीं है, बल्कि सभी राजनीतिक दलों की यही स्थिति है। विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए प्रदर्शन कर रहा है लेकिन वास्तव में वे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।